# पटना में 20 से 23 अक्टूबर तक इंडिया स्किल्स 2021- क्षेत्रीय प्रतियोगिता (पूर्व) आयोजित होगी

- *20 अक्टूबर से शुरू होने वाली चार दिवसीय प्रतियोगिता में 8 राज्यों के 240 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे*
- *प्रतिभागी 42 कौशल में प्रतिस्पर्धा करेंगे और विजेता इंडिया स्किल्स नेशनल्स (दिसंबर 2021 में) में प्रवेश करेंगे, जोकि शंघाई, चीन (अक्टूबर 2022 में) में होने वाली वर्ल्ड स्किल्स इंटरनेशनल प्रतियोगिता का प्रवेश द्वार है।*




**पटना**, **18 अक्टूबर 2021:** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने आज घोषणा की कि **इंडियास्किल्स 2021 पूर्वी क्षेत्रीय प्रतियोगिता, 20 से 23 अक्टूबर तक पटना**, **बिहार में** आयोजित की जाएगी, जिसमें 8 राज्यों- बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार, मिजोरम, असम और त्रिपुरा के 240 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इंडिया स्किल्स को देश में कौशल के उच्चतम मानकों को प्रदर्शित करने और युवाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण को आकांक्षी बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**नीचे 8 राज्यों के प्रतिभागियों का विवरण दिया गया है:**

| राज्य | अंडमान और निकोबार | असम | बिहार | झारखंड | मिजोरम | ओडिशा | त्रिपुरा | पश्चिम बंगाल | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिभागियों की संख्या | 25 | 27 | 42 | 13 | 15 | 87 | 14 | 21 | **244** |

यह घोषणा एक प्री-इवेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई, जिसकी अध्यक्षता बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुश्री वंदना किनी ने की। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और वर्ल्ड स्किल्स इंडिया के सीनियर हेड श्री जयकांत सिंह ने संगठन का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम में इंडिया स्किल्स एक्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य (पूर्वी) भी मौजूद थे, जिनमें श्री पीके सिन्हा, सीईओ, एस्ट्रिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड; श्री आदित्य कुमार सिन्हा, निदेशक, सीडैक; श्री आलोक त्रिपाठी, प्रभारी निदेशक, NIELIT; चंद्रशेखर सिंह, प्राचार्य,न्यू गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, पाटलिपुत्र; श्री संजय श्रीवास्तव, निदेशक, निफ्ट; श्री डी के सिंह, सलाहकार, टीआरटीसी, एमएसएमई; और श्री बहादुर अशफाक अहमद, क्षेत्रीय निदेशक, आरडीएसडीई की मौजूदगी रही।

प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 20 अक्टूबर को ज्ञान भवन, गांधी मैदान में होगा और समारोह में बिहार की उपमुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी मुख्य अतिथि होंगी।

इंडिया स्किल्स 2021 क्षेत्रीय प्रतियोगिता-पूर्व के विजेताओं को 23 अक्टूबर को पटना के बापू सभाघर में आयोजित होने वाले समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक कौशल में विजेता को स्वर्ण पदक के साथ 21,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि प्रथम उपविजेता को 11,000 रुपये और रजत पदक दिया जाएगा।

क्षेत्रीय प्रतियोगिता - पूर्व का आयोजन 11 भागीदार संस्थानों में किया जाएगा, जो विशिष्ट कौशल में विशेषज्ञ हैं, जैसेकि - टूल रूम ट्रेनिंग सेंटर (TRTC), पटना, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (CIPET), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (NIFT) , पटना, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (NIELIT), पटना, न्यू गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, पटना, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, हाजीपुर, नवीन सिन्हा मेमोरियल पार्क, होटल पाटलिपुत्र कॉन्टिनेंटल, अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, आईटीआई दीघा, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस , पटना और एरिना एनिमेशन सेंटर।

***वंदना किनी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार ने कहा,*** *“भारत की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता का हिस्सा इंडिया स्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2021 में भाग लेने वाले राज्यों से मिली प्रतिक्रिया से हम अभिभूत हैं। इस प्रतियोगिता की मेजबानी करना पटना के लिए वाकई गर्व की बात है। इस प्रतियोगिता के साथ, मुझे विश्वास है कि हम कुशल और प्रतिभाशाली युवाओं के प्रोफाइल को ऊपर उठाने में मदद करेंगे। मैं प्रतियोगिता आयोजित करने, स्किल इंडिया मिशन को बढ़ावा देने और देश में कौशल उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाने के लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के प्रयासों की सराहना करना चाहती हूँ। सभी प्रतिभागियों के लिए मेरी शुभकामनाएं और मुझे उम्मीद है कि इन पहलों से एक कुशल कार्यबल और एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होगा।*

***वर्ल्ड स्किल्स इंडिया के सीनियर हेड, जयकांत सिंह ने कहा,*** *“हमें इंडिया स्किल्स 2021 क्षेत्रीय प्रतियोगिता की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, और मैं 30+ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की कड़ी मेहनत को देखकर खुश हूं। इंडियास्किल्स प्रतियोगिता का उद्देश्य भविष्य के लिए प्रासंगिक कौशल के युवा विशेषज्ञ तैयार करना है। सर्वोत्तम तकनीकों का अनुभव, विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी को जो विश्वास प्राप्त होगा, वह निश्चित रूप से उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में वृद्धि करेगा। मैं सभी प्रतिभागियों का स्वागत करता हूं और उन्हें आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देता हूं।*

*श्री जयकांत सिंह ने कहा, “इंडिया स्किल्स प्रतियोगिताएँ बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय मानकों के एक्सपोज़र और कौशल को आकांक्षी बनाने के मामले में स्थानीय क्षमता निर्माण की सुविधा प्रदान करती हैं। इससे बिहार के युवाओं*

*को विभिन्न व्यावसायिक करियर में अनुभव प्राप्त करने के लिए मूल्यवान अवसर मिलेगा। जब इन्फॉर्म्ड करियर के फैसले किए जाते हैं, तो वे एक अच्छी अर्थव्यवस्था और श्रम बाजार गतिविधि को बढ़ावा देने में योगदान करते हैं।"*

अगस्त-सितंबर में जिला और राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के माध्यम से क्षेत्रीय प्रतिभागियों का चयन किया गया है। पटना (पूर्व और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए) के अलावा, गांधीनगर (पश्चिम), चंडीगढ़ (उत्तर), और विशाखापत्तनम (दक्षिण) में क्षेत्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएँगी, जिसके बाद दिसंबर 2021 में बेंगलुरु, कर्नाटक में इंडिया स्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। **इंडिया स्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेता अक्टूबर 2022 में वर्ल्ड स्किल्स शंघाई में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षण लेंगे।**

250,000 से अधिक पंजीकरणों के साथ, इंडिया स्किल्स 2021 की शुरुआत अगस्त-सितंबर में जिला और राज्य-स्तरीय प्रतियोगिताओं के साथ हुई। इस साल, इंडिया स्किल्स रीजनल 5 क्षेत्रों के 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 1,500 प्रतिभागियों को एक साथ लाएगा। उम्मीदवारों को बूट कैंप और प्रोजेक्ट-आधारित प्रशिक्षण, उद्योग और कॉर्पोरेट प्रशिक्षण, इंडस्ट्री के एक्सपोज़र विज़िट, माइंड कोचिंग और व्यक्तित्व विकास जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बहु-स्तरीय उद्योग प्रशिक्षण मिलता है। एनएसडीसी, सेक्टर स्किल काउंसिल (एसएससी) और सहयोगी संस्थानों के माध्यम से उम्मीदवारों को न केवल प्रतियोगिता के लिए बल्कि भविष्य के प्रयासों के लिए प्रशिक्षित करता है, जिससे उन्हें नौकरी के लिए तैयार किया जाता है।

वर्ल्ड स्किल्स, कौशल उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण मानक के रूप में एक द्विवार्षिक कार्यक्रम है जिसमें 80 से अधिक देशों की भागीदारी दर्ज की जाती है। दुनिया भर के कुशल और प्रतिभाशाली युवा कई ट्रेडों में अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा करते हैं। 2019 में रूस के कज़ान में आयोजित वर्ल्ड स्किल्स के पिछले संस्करण में, भारत वैश्विक आयोजन में भाग लेने वाले 63 देशों में से 13 वें स्थान पर था। 1350 से अधिक उम्मीदवारों ने 56 कौशलों में भाग लिया और टीमइंडिया ने 15 उत्कृष्टता पदक के साथ चार पदक (एक स्वर्ण, एक रजत, दो कांस्य पदक) जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया।

***

## भारत कौशल प्रतियोगिता के बारे में

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के मार्गदर्शन में, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर हर दो साल में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिताओं का नेतृत्व और आयोजन करता है। विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के कुशल युवा अपने-अपने ट्रेड में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इंडिया स्किल्स के विजेता विश्व कौशल की तैयारी के लिए एक वर्ष के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और कई विकास कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। एनएसडीसी का उद्देश्य युवाओं के जीवन को समृद्ध बनाना और उन्हें इंडिया स्किल्स के माध्यम से सशक्त बनाना है।

## कौशल विकास के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया नीचे दिए गए लिंक को देखें।

फेसबुक: www.facebook.com/IndiaSkills/; ट्विटर: @WorldSkillsInd
फेसबुक: www.facebook.com/NSDCIndiaOfficial; ट्विटर: @NSDCIndia
वेबसाइट: www.nsdcindia.org